Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 09 April 2024

Dainik Jagran Page - 04,06

तकनीकी समस्याओं का समाधान करेगा गोवि का आइटीसी सेल

जासं, गोरखपुर : तकनीकी कमजोरी की वजह से आए दिन आ रही तरह-तरह की दिक्कत से निजात पाने के लिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने आइटीसी सेल (सूचना एवं तकनीकी प्रकोष्ठ) का गठन किया है। भौतिक विज्ञान विभाग के आचार्य और विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग के निदेशक प्रो. उमेश यादव के नेतृत्व में तीन सदस्यीय आइटीसी सेल ने कार्यभार संभाल लिया है। प्रो. यादव सेल के समन्वयक बनाए गए हैं। भौतिक विज्ञान विभाग के डा. मदन सिंह चौहान और डा. अंबरीश श्रीवास्तव को सेल के सह-समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है।

सेल के कार्य भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने गठन के साथ ही निर्धारित कर दिए हैं। विश्वविद्यालय के आनलाइन प्रोसेस को दुरुस्त कराने पर सेल का मुख्य फोकस रहेगा। ऐसा इसलिए कि इस व्यवस्था में कमी की वजह से विश्वविद्यालय की आए दिन किरकिरी होती रहती है। कभी प्रवेश को लेकर तो कभी परीक्षा और उसके परिणाम को लेकर। सेल का मुख्य कार्य व्यवस्था को पूरी तरह पटरी पर लाना होगा। आनलाइन व्यवस्था में गड़बड़ी की प्रमुख वजह इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमजोरी होती है, इसलिए सेल इसे लेकर सतर्क रहेगी।

> आनलाइन व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आइटीसी सेल का गठन किया गया है। उसकी जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। सेल के सभी सदस्यों ने कार्यभार संभाल लिया है। पूरा विश्वास है कि विश्वविद्यालय की इस पहल से आनलाइन से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान समय से सुनिश्चित हो सकेगा।
> **प्रो. पूनम टंडन**, कुलपति, दीदउ गोरखपुर विश्वविद्यालय

गोवि में वार्षिक परीक्षाएं आज से, 35 हजार विद्यार्थी देंगे परीक्षा

अरुण सक्सेना, गोरखपुर : दीदउवि उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं मंगलवार से शुरू होने जा रही हैं। पहले दिन 30 विषयों की परीक्षा विश्वविद्यालय समेत 147 केंद्रों पर होगी। इसमें शामिल होने के लिए कुल 7349 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। आगा खां तक चलने वाली परीक्षा के लिए कुल 35 हजार 142 विद्यार्थियों का पंजीकरण है। इनमें 8653 विद्यार्थी विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षा देंगे।

विश्वविद्यालय ने परीक्षा के मद्देनजर की तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर में 231 केंद्र पर बनाए गए हैं। छात्राओं की उपस्थिति और कदाचार के एकीकरण के लिए 10 केंद्रों पर विश्वविद्यालय ने बनाए हैं। परीक्षा की तैयारी की जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक डा. कुलदीप सिंह ने बताया कि परीक्षा के लिए पंजीकृत विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने का उपाधिक इंतजाम किया गया है। अनुचित साधनों का प्रयोग रोकने के लिए टीम सक्रिय की गई है। सभी केंद्रों पर विश्वविद्यालय प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। किसी भी गड़बड़ी की सूचना मिलने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

Amar Ujala Page - 07

वार्षिक परीक्षाएं आज से.. 35 हजार विद्यार्थी होंगे शामिल

गोरखपुर विश्वविद्यालय में परीक्षा की तैयारियां पूरी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में वार्षिक परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो रही हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। वार्षिक परीक्षाओं में कुल 35,142 विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

पहले दिन 30 विषयों की परीक्षा विश्वविद्यालय समेत 147 केंद्रों पर होगी। इसमें कुल 7349 विद्यार्थी शामिल होंगे। मई तक चलने वाली इन परीक्षाओं में विश्वविद्यालय परिसर में 8653 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इसके अलावा वार्षिक परीक्षा के लिए गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर में 231 केंद्र और 10 नोडल केंद्र बनाए गए हैं।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि वार्षिक परीक्षाओं के लिए सभी तरह की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। एक दिन पहले एडमिट कॉर्ड जारी कर दिया गया था। वार्षिक परीक्षा में 231 केंद्रों पर 35 हजार से ज्यादा विद्यार्थी शामिल होंगे।

साइकिल स्टैंड में करें वाहन पार्क : मुख्य नियंता सतीश चंद्र पांडेय ने कहा कि सभी परीक्षार्थी अपने वाहन को विश्वविद्यालय के साइकिल स्टैंड में ही खड़ा करेंगे। इसके अलावा वे परीक्षा सामग्री को छोड़कर अन्य किसी भी चीज को लेकर केंद्र में प्रवेश नहीं करेंगे।

डीडीयू के अंग्रेजी विभाग में एमए के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा से पहले सोमवार को डाउट क्लियरिंग क्लासेज का आयोजन किया गया। संवाद

परीक्षा से पहले हुई डाउट क्लियरिंग क्लासेज

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में एमए के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा से पहले सोमवार को डाउट क्लीयरिंग क्लासेज का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा के बेहतर परिणाम लिए तैयारी के जरूरी निर्देश दिए गए। क्लास में छात्रों को विषय एवं परीक्षा संबंधित आशंकाओं का भी समाधान किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. अजय शुक्ला ने बताया कि परास्नातक के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा नौ अप्रैल और सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 अप्रैल से प्रस्तावित हैं। अंग्रेजी विभाग परीक्षा से पहले डाउट क्लीयरिंग क्लासेज का आयोजन हमेशा से करता रहा है जिससे विद्यार्थियों के शंका समाधान के साथ उत्साह वर्धन होता है और परीक्षा के लिए आत्म विश्वास बढ़ता। सत्र के अंत में सभी विद्यार्थियों ने ग्रुप फोटो के माध्यम से आगामी परीक्षा के लिए अपना उत्साह भी दिखाया। इसमें आकांक्षा सिंह, जाह्नवी सिंह, श्रेया मिश्रा, आनंद सिंह, कुशाग्र मिश्रा, सुधांशु राय आदि विद्यार्थियों ने अपनी शंका का समाधान पाया। संवाद

आईटीसी सेल के समन्वयक बने प्रो. उमेश यादव

प्रो. उमेश यादव को समन्वयक नियुक्त किया गया। संवाद

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में तकनीकी समस्याओं के निस्तारण के लिए आईटीसी सेल (सूचना एवं तकनीकी प्रकोष्ठ) का गठन किया है। भौतिक विज्ञान विभाग के आचार्य प्रो. उमेश यादव को इसका समन्वयक नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही विभाग के डॉ. मदन सिंह चौहान और डॉ. अंबरीश श्रीवास्तव को सह-समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके पहले इलेक्ट्रानिक्स विभाग के प्रो. मनीष मिश्रा आईटीसी सेल के समन्वयक थे। सेल का मुख्य कार्य ऑनलाइन व्यवस्था को पटरी पर लाना होगा। संवाद

Amar Ujala Select Page - 03

परीक्षा से पहले हुई डाउट क्लियरिंग क्लासेज

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में एमए के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा से पहले सोमवार को डाउट क्लीयरिंग क्लासेज का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा के बेहतर परिणाम लिए तैयारी के जरूरी निर्देश दिए गए। क्लास में छात्रों की विषय एवं परीक्षा संबंधित आशंकाओं का भी समाधान किया गया।

Rashtriya Sahara Page - 06

प्रतिभा का प्रस्फुटन कराना बच्चों लिए लाभकारी

खजनी (एसएनबी)। बच्चों में प्रतिभा का प्रस्फुटन कराया जाना समाज व परिवार के साथ ही उनके लिए भी लाभकारी सिद्ध होता है। इसके लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत ही उचित मंच है जिसके माध्यम से बच्च नशे की लत से रोकने का काम किया जा सकता है। साथ ही इसके माध्यम से बहुआयामी प्रतिभा का विकास होता है।

उक्त विचार गोविंद की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने वीर बहादुर सिंह पीजी कॉलेज हरनही में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह के अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों शिक्षकों को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन अंशु सिंह ने कहा कि सदूर ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। प्रतिभाओं को निकालने तथा अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करती प्रबंधक अंशु सिंह।

इस अवसर पर संतकबीरनगर के सांसद प्रवीण निषाद, खजनी विधायक बीरगंज चौहान सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला ने भी संबोधित किया। कक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले छात्राओं रीमा यादव, वंदिता मौर्य, सुषमा निषाद, रोहित, खुशी, दिव्यांश आदि को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंबूपाली घर द्विवेदी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डा. केपी चौरसिया डा. जिलाम्बुज सिंह, खुशबू सिंह, विक्रम प्रताप सिंह, पुष्पा मिश्रा, कान्दर्प मणि पाण्डेय, रजनीश पाण्डेय, श्रीनारायण त्रिपाठी, पुष्पा पाण्डेय, संजय सिंह, अरुण सिंह, रोली सिंह, अर्मेश सिंह, संजय चौरसिया, एकता सिंह, नसीमबानो, मुराज अहमद, उत्तरा कुमार नायक, व्यास यादव, सत्येंद्र बहादुर सिंह, लालदेव यादव, वीर बहादुर सिंह एजुकेनवल ग्रुप आफ कॉलेजेज, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

प्रो.उमेश यादव ने आईटीसी के कोआर्डिनेटर का कार्यभार किया ग्रहण

गोरखपुर (एसएनबी)। भौतिकी विभाग के प्रो. उमेश यादव ने दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के आईटीसी प्रकोष्ठ के कोआर्डिनेटर पद पर सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। डॉ. मदन सिंह चौहान एवं डॉ. अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव सह-समन्वयक के रूम में कार्य करेंगें।

प्रो. उमेश यादव भौतिकी विभाग में वरिष्ठ आचार्य हैं। उन्हें विश्विद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा रमन फेलोशिप, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली द्वारा युवा वैज्ञानिक, सीएसआईआर नई दिल्ली द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय ट्रैवल अवार्ड एवं भारतीय विज्ञान अकादमी द्वारा समर शोध अवार्ड प्राप्त हैं। वर्तमान में वे अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक पद पर भी कार्यरत हैं।

डीडीयू की वार्षिक परीक्षाएं आज से

231 परीक्षा केंद्रों पर 35 हजार परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

गोरखपुर (एसएनबी)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों की सेम 2022-24 की स्नातक एवं परास्नातक की वार्षिक परीक्षाएं मंगलवार से दो पालियों में प्रारंभ होंगी। जबकि सेमेस्टर परीक्षाएं 15 अप्रैल से शुरू होंगी। परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। वार्षिक परीक्षा में कुल 35142 छात्र बैठेंगे तथा इसके लिए कुल 231 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं।

परीक्षा की वार्षिक परीक्षाएं मंगलवार (09 अप्रैल 2024) से दो पालियों में प्रारंभ होकर 07 मई तक चलेंगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 8 बजे से 11 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराहन 01 बजे से चलेगा 4 बजे तक संपन्न होगी। विश्वविद्यालय परिसर की परीक्षाएं कला संकाय में संचालित होंगे। इस शैक्षणिक सत्र में वार्षिक परीक्षा में कुल 35,142 परीक्षार्थी भाग लेंगे। इसके लिए 231 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें पहले दिन की परीक्षा में लगभग 8653 छात्र छात्राएं परीक्षा देंगे। इसके अलावा पहले दिन 147 परीक्षा केंद्रों पर 30 विषयों की परीक्षाएं संपन्न होंगी। 9 अप्रैल को कुल 5 छात्र पहले ही बीएससी भाग दो की इन्टीग्रेटिड, केमिस्ट्री, इन्टीग्रेटिड माइक्रोबायोलाजी, इन्टीग्रेटिड जिस्ट्री, कम्प्यूटर साइंस प्रथम की परीक्षा देंगे। वार्षिक सत्र में बीए भाग तीन अर्थशास्त्र प्रथम, बीएससी भाग -3 अर्थशास्त्र प्रथम, औद्योगिक रसायन/एप्लाइड माइक्रोबायोलॉजी/ इन्टीग्रेटिसस/ कम्प्यूटर साइंस प्रथम प्रश्नपत्र तथा बीए भाग एक का समाजशास्त्र, उर्दू तथा पाली प्रथम प्रश्नपत्र की परीक्षा होगी।

परीक्षा में इलेक्ट्रानिक उपकरण लाने पर पाबंदी

विश्वविद्यालय प्रशासन ने साफ कर दिया है कि कॉलेज की परीक्षाओं में इलेक्ट्रानिक उपकरण लेकर परीक्षा कक्ष में नहीं जाएंगे। मोबाइल, कैलकुलेटर तथा अन्य कोई भी इलेक्ट्रानिक गैजेट का बैग इत्यादि नहीं ले जा सकेंगे।

राष्ट्रीयकृत रूटों पर वाहन खड़ा करें परीक्षार्थी सीधेंगे

परीक्षार्थी सीधेंगे, के मुख्य द्वार के पास की साइकिल स्टैंड पर अपने वाहन खड़ा करने के उपरांत ही परीक्षा स्थल पर जाना सुनिश्चित करेंगे।

- दो पालियों में होगी परीक्षा
- पहले दिन की परीक्षा में शामिलहोंगे 8 हजार विद्यार्थी होंगे शामिल
- मोहल्ला केंद्रों से छात्रकों के बदल ते जाने का क्रम रहा तक रहा जारी

कार्रवाई के संकल्प रहा कक्ष की नजरें

परीक्षा के पहले प्रत्येक छात्र करने के लिए मोबाइल, इलेक्ट्रानिक और कैमरा की नजर में रखी हुए इन कक्षाओं का भी व्यवस्था किया गया। विश्वविद्यालय प्रो. अजय कुमार ने बताया कि वार्षिक की परीक्षा में रखी हुए इन कक्षाओं का आयोजन किया गया था।

अंग्रेजी विभाग में हुई डाउट क्लियरिंग क्लासेज

गोरखपुर। वार्षिक के अंतिम दिनों में पहले विद्यार्थियों के लिए परीक्षा के पहले "डाउट क्लीयरिंग क्लासेज" चलाई गई, जिसमे विद्यार्थियों की आगामी परीक्षा के बेहतर परिणाम लिए तैयारी के जरूरी निर्देश दिए गए। इसके माध्यम से छात्रों की विषय एवं परीक्षा संबंधित आशंकाओं का भी समाधान किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. अजय शुक्ला ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन के दिशानिर्देशों के अनुसार छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इन कक्षाओं का आयोजन किया गया था। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि परास्नातक के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा 9 अप्रैल तथा सेमेस्टर की

Hindustan Page - 03

डीडीयू की वार्षिक परीक्षाएं आज से

- 231 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित होगी परीक्षा
- 30 विषयों की परीक्षा होगी पहले दिन

गोरखपुर, निज संवाददाता। डीडीयू तथा संबद्ध महाविद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं 9 अप्रैल से शुरू हो रही हैं। कुल 231 केंद्रों पर 35,142 परीक्षार्थी इसमें शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में सुबह 8 से 11 बजे तक और दोपहर 1 से 4 बजे तक संपन्न होगी।

डीडीयू की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि वार्षिक परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विश्वविद्यालय परिसर में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 8,653 है। वार्षिक परीक्षा के पहले दिन विभिन्न केंद्रों पर कुल 7349 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पहले दिन कुल 30 विषयों की परीक्षा होगी। नकलविहीन परीक्षा के लिए सभी केंद्रों पर कैमरे की जद में परीक्षाएं संपन्न कराई जाएंगी। आईटीसी सेल से इसकी मॉनीटरिंग की जाएगी। परीक्षा के सुचारु रूप से संचालन के लिए कुल 10 नोडल केंद्र बनाए गए हैं।

बड़ी परीक्षाओं का पहले आयोजन: वार्षिक परीक्षाएं 12 मई तक होंगी। इस बीच 15 अप्रैल से सम सेमेस्टर की परीक्षाएं होनी है। सम सेमेस्टर में पहले परास्नातक की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। परास्नातक की ज्यादातर परीक्षाएं 24 अप्रैल तक संपन्न हो जाएंगी। स्नातक की परीक्षाएं 25 अप्रैल से शुरू हो रही हैं। लगातार अलग-अलग विधाओं की परीक्षाओं को देखते हुए डीडीयू प्रशासन ने वार्षिक परीक्षाओं के अन्तर्गत पहले बड़ी परीक्षाएं कराने का निर्णय लिया है।

साइकिल स्टैंड में करें वाहन पार्क: मुख्य नियंता प्रो. सतीश चंद्र पांडेय ने कहा कि सभी परीक्षार्थी अपने वाहन को साइकिल स्टैंड में ही खड़ा करें। परीक्षा सामग्री को छोड़कर अन्य कोई भी वस्तु परीक्षा कक्ष में ले जाना प्रतिबंधित है। विद्यार्थी अपना सामान नियंता कार्यालय में जमा कर टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

Swatantra Chetna Page - 05

अंग्रेजी विभाग में आयोजित हुई डाउट क्लियरिंग क्लासेज

☐ परीक्षा पूर्व छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ना जरूरी: प्रो अजय शुक्ल

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में एम.ए विद्यार्थियों के लिए परीक्षा के पहले डाउट क्लीयरिंग क्लासेज चलाई गई, जिसमे विद्यार्थियों की आगामी परीक्षा के बेहतर परिणाम के लिए तैयारी के जरूरी निर्देश दिए गए। इसके माध्यम से छात्रों की विषय एवं परीक्षा संबंधित आशंकाओं का भी समाधान किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो अजय शुक्ला ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन के दिशानिर्देशों के अनुसार छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इन कक्षाओं का आयोजन किया गया। बताया कि परास्नातक के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा 9 अप्रैल तथा सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 अप्रैल से प्रस्तावित है, जिसकी तैयारियों का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों की परीक्षा से जुड़ी हुई विषयवस्तु, समय प्रबंधन, उत्तर पुस्तिका लेखन कला तथा अन्य तथ्यों के बारे में चर्चा की गई।

प्रो उमेश बने आईटीसी प्रकोष्ठ के कोआर्डिनेटर

☐ डॉ मदन सिंह एवं डॉ अम्बरीश कुमार करेंगें सह-समन्वयक के रूप में कार्य

स्वतंत्र चेतना, गोरखपुर। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के प्रो उमेश यादव ने सोमवार को विश्विद्यालय के आईटीसी प्रकोष्ठ के कोआर्डिनेटर पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। डॉ मदन सिंह चौहान एवं डॉ अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव सह-समन्वयक के रूप में कार्य करेंगें। प्रो उमेश यादव भौतिकी विभाग में वरिष्ठ आचार्य हैं। उन्हें विश्विद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा रमन फेलोशिप, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली द्वारा युवा वैज्ञानिक, सी एस आई आर, नई दिल्ली द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय ट्रैवल अवार्ड एवं भारतीय विज्ञान अकादमी द्वारा समर शोध अवार्ड प्राप्त हैं। वर्तमान में वे अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक पद पर भी कार्यरत हैं।

प्रो .उमेश यादव बने आईटीसी प्रकोष्ठ के कोआर्डिनेटर

गोरखपुर। सुपर फास्ट टाइम्स

भौतिकी विभाग के प्रो उमेश यादव ने दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर

विश्वविद्यालय गोरखपुर के कळठ प्रकोष्ठ के कोआर्डिनेटर पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। डॉ मदन सिंह चौहान एवं डॉ अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव सह-समन्वयक के रूप में कार्य करेंगें। प्रो. उमेश यादव भौतिकी विभाग में वरिष्ठ आचार्य हैं। उन्हें विश्विद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा रमन फेलोशिप, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली द्वारा युवा वैज्ञानिक, सी एस आई आर, नई दिल्ली द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय ट्रैवल अवार्ड एवं भारतीय विज्ञान अकादमी द्वारा समर शोध अवार्ड प्राप्त हैं। वर्तमान में वे अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक पद पर भी कार्यरत हैं।

Gorakhpur Super Fast Times

डीडीयू के अंग्रेजी विभाग में आयोजित हुई डाउट क्लियरिंग क्लासेज

परीक्षा पूर्व छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ना जरूरी : प्रो.अजय शुक्ल

गोरखपुर। सुपर फास्ट टाइम्स

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंग्रेजी विभाग में एम.ए विद्यार्थियों के लिए परीक्षा के पहले "डाउट क्लीयरिंग क्लासेज" चलाई गई, जिसमे विद्यार्थियों की आगामी परीक्षा के बेहतर परिणाम लिए तैयारी के जरूरी निर्देश दिए गए। इसके माध्यम से छात्रों की विषय एवं परीक्षा संबंधित आशंकाओं का भी समाधान किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. अजय शुक्ला ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन के दिशानिर्देशों के अनुसार छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इन कक्षाओं का आयोजन किया गया था। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि परास्नातक के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा 9 अप्रैल तथा सेमेस्टर की

परीक्षाएं 16 अप्रैल से प्रस्तावित है, जिसकी तैयारियों का जायजा लेते हुए विभागाध्यक्ष ने विद्यार्थियों की परीक्षा से जुड़ी हुई विषयवस्तु, समय प्रबंधन, उत्तर पुस्तिका लेखन कला तथा अन्य तथ्यों के बारे में चर्चा की तथा एम. ए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी आकर्षिका सिंह, जाह्नवी सिंह, श्रेया मिश्रा, आनंद सिंह,कुशाग्र मिश्रा, सुधांशु राय, आयुषी राव, पूजा राय, आकांक्षा यादव आदि ने विभिन्न विभिन्न टॉपिक्स से संबंधित शंका का समाधान पाया। विभागाध्यक्ष प्रो. अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि अंग्रेजी विभाग परीक्षा पूर्व डाउट क्लीयरिंग क्लासेज का आयोजन हमेशा से करता रहा है जिससे विद्यार्थियों की शंका समाधान के साथ उत्साह वर्धन हो और परीक्षा के लिए आत्म विश्वास बढ़े। सेशन के अंत में सभी विद्यार्थियों ने ग्रुप फोटो के माध्यम से आगामी परीक्षा परीक्षा के लिए अपना उत्साह भी दिखाया।